(8)

21 जून 2024 दसम् अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

पंड़ित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के योग विभाग एवं ब्रह्मर्षि वशिष्ट योग आरोग्य केन्द्र के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें माननीय कुलपति महोदय, विशिष्ट अतिथि कुलसचिव महोदय तथा विभाग प्रमुख, विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा एवं दीपप्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष द्वारा किया गया। माननीय अतिथियों का पुष्प पौध से स्वागत कर कार्यक्रम की अनुमति ली गईं। योग प्रोटोकॉल के अनुसार एक घंटे का योगाभ्यास योग विभाग के सुश्री श्वेता कुर्रे एवं श्री डोंगेश्वर साहू के द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम में योग पाठ्यक्रम में प्रवेशित विद्यार्थियों तथा योग आरोग्य केन्द्र में आने वाले छात्रों द्वारा योग नृत्य की प्रस्तुती की गईं।

इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आसन शरीर को तथा प्राणायाम मन को प्रभावित करता है। जीवन को स्वस्थ एवं दीर्घआयु बनाने के लिए योग उत्तम माध्यम है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महोदय ने योग के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि योग ज्ञान को स्वयं तथा समाज के लिए भी उपयोगी बनाने में अपनी भूमिका देवें। सीआईक्यूए के डायरेक्टर डॉ एस.के. बाजपेयी जी ने कहा कि योग इंसान को प्रकृति से जोड़ता है प्रकृति के अनुसार रहने वाले सदैव स्वस्थ एवं मंग्लमय होता है। योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार बाजपेयी जी ने कार्यक्रम के अंत में आये समस्त अधिकारियों, शिक्षकों , कर्मचारियों तथा छात्र–छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य के लिए योग सप्ताह कार्यक्रम की सूचना दी गईं जिसमें विभिन्न रोगों से संबंधित योग चिकित्सा हेतु योग सप्ताह का कार्यक्रम योग विभाग के ब्रह्मर्षि वशिष्ट योग आरोग्य केन्द्र में दिनांक 21 जून से 25 जून तक कराया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में 150 लोगों ने अपनी उपस्थिति देकर योगाभ्यास का लाभ लिया। माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से कार्यक्रम का समापन किया गया।

संयोजक

डॉ.संतोष कुमार बाजपेयी

विभाग प्रमुख–योग विभाग

पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय

छत्तीसगढ़,बिलासपुर